## खबर संक्षेप

### किशोरी को रास्ते में रोककर की छेड़छाड़

यमुनानगर। रादौर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने रास्ते में रोककर किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। आरोपी काफी दिन से किशोरी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी पर किशोरी के साथ जबरदस्ती करने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी का ही गुरप्रीत पिछले 15-20 दिन से उसकी 15 वर्षीय लड़की का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। 22 अक्टूबर को लड़की किसी काम से जा रही थी तो आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

### रेलवे लाइन से पुलिस ने बरामद किया शव

यमुनानगर। अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर पांसरा फाटक के नजदीक से जीआरपी पुलिस ने एक करीब तीस वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। आशंका व्यक्त की गई है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवा दिया है। जानकारी अनुसार राजकीय रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबाला सहारनपुर रेलवे मार्ग पर पांसरा फाटक के पास किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त के लिए पूछताछ की। मगर उसके बारे में कोई पता नहीं चला।

### खैर के पेड़ काटने के आरोप में पांच पर केस

यमुनानगर। छछरौली थाना पुलिस ने गांव जयधर के पास से खैर के पेड़ काटने के आरोप में पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला वन रक्षक अधिकारी राजीव कांबोज की शिकायत पर दर्ज किया है। वन रक्षक अधिकारी राजीव कांबोज ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे 25 अक्टूबर को शाम सात बजे सूचना मिली थी कि गांव जयधर के पास से खैर के पेड़ कटे हुए हैं। जांच करने पर उसे पता चला कि यह खैर के पेड़ गांव चिक्कन निवासी गुरनाम, सुशील, विशाल व तेलू तथा अर्जुन माजरा निवासी कमल ने काटे हैं। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## श्रद्धालुओं ने स्नान कर छठ माता पर चढ़ाए फल, फूल व मिष्ठान, दीघार्यु की कामना की

# छठ मैया के पारंपरिक गीतों से गूंजा यमुना नदी का घाट, डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया

महिलाएं श्रद्धालु अपने घरों से बांस की टोकरी में पूजा का सामान सिर पर रख कर पारंपरिक गीत गाते हुए पहुंचीं

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

आंख ही फुटेला बटोहिया ई भार छठ मैया जाए व कांच ही बांस की बहंगियां... आदि छठ मैया के पारंपरिक गीतों की गूंज से सोमवार शाम को यमुना के पावन तट पर दो दिवसीय मेले व छठ महापर्व का शुभारंभ हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और वहां बनी छठ माता की वेदियों पर फल, फूल, मिष्ठान व सब्जियां चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इससे पहले महिलाएं श्रद्धालु अपने घरों से बांस की टोकरी में पूजा का सामान सिर पर रख कर पारंपरिक गीत गाते हुए यमुना तट पर पहुंचीं।

### पवित्र घाटों पर स्नान कर पूजा की

छठ मैया महापर्व उत्सव पर हर वर्ष शहर के नजदीक स्थित यमुना के बाढ़ी माजरा व हमीदा हेड के नजदीक पावन तट पर हजारों श्रद्धालु जुटते हैं। सोमवार को भी मेले के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर यमुना के पवित्र घाटों पर स्नान किया और फिर वेदियों पर फल-फूल अर्पित कर पूजा अर्चना की। खास बात यह है कि जिले में बिहार और उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के हजारों की संख्या में प्रवासी लोग निवास करते हैं। जो छठ पर्व पर प्रतिवर्ष यमुना के तट पर एकत्र होकर पूजा अर्चना करते हैं। सोमवार शाम को छठ पर्व के उत्सव का जैसे ही शुभारंभ हुआ तो श्रद्धालुओं की भीड़ ने यमुना में पवित्र स्नान किया और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद यमुना के तट पर बनी छठ मैया की वेदियों पर फल-फूल व सब्जी अर्पित कर दिए जलाकर पूजा अर्चना की।




यमुनानगर। यमुना में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हुए श्रद्धालु और बाढ़ी माजरा पुल के नजदीक यमुना घाट पर बनी छठ मैया की वेदियों पर पूजा अर्चना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आंख ही फुटेला बटोहिया ई भार छठ मैया जाए व कांच ही बांस की बहंगियां... गीत गाए**

### 36 घंटे का रखती हैं निर्जल उपवास

श्रद्धालु मुकेश यादव, सुधीर त्रिपाठी व ललित यादव आदि ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में छठी तिथि पर महिलाएं 36 घंटे का निर्जल व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान दो दिन तक छठ मनाई जाती है। पहले दिन छोटी और दूसरे दिन बड़ी छठ मनायी जाती है। छोटी छठ पर महिलाएं अपने परिवार के साथ बांस की टोकरी में सभी प्रकार के फल-फूल लेकर सज-धज कर यमुना के तीर्थ नगर पुल व हमीदा हेड के नजदीक यमुना के घाटों के पास बनी छठ माता की वेदियों पर पहुंचती हैं और दिए जलाकर पूजा अर्जना करती हैं। उन्होंने बताया कि छठ पर्व के शुभारंभ पर आज महिलाओं ने वेदियों के पास चावल चढ़ाकर छठ माता का पारंपरिक गीत, कांच ही बांस की बहंगियां गाकर वातावरण को छठ मय बना दिया।

### कच्चे बांस की टोकरी का महत्व

पूर्वांचल सभा के वरिष्ठ सदस्य मनीष त्रिपाठी ने बताया कि इस पारंपरिक गीत का अर्थ है कि कच्चे बांस की बनी टोकरी जिसे महिलाओं ने अपने सिर पर रखा है, जो फलों व सब्जियों के बोझ से लचक रही है। उसे देखकर एक राही (यात्री) पूछता है कि यह कहां लेकर जा रही हो। इस पर महिलाएं कहती हैं, तेरे को दिखता नहीं मैं इस टोकरी में फल-फूल लेकर छठ माता का पूजन करने जा रही हूं। वहीं, जसबीर प्रसाद बताते हैं कि छठ माता का यह देवी गीत है। जिसे घर से सरोवर तक महिलाएं गाती जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस व्रत के मूलतः देवता सूर्य भगवान हैं। जिन्हें दिन ढलने के बाद स्त्रियां घुटनों तक पानी में खड़े होकर उनसे पति व पुत्र की लंबी आयु की कामना करती हैं। खास बात यह है कि इस व्रत को कुंवारी लड़कियां नहीं रखती। छठ पर्व के अवसर पर रात्रि के समय श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए भोजपुरी भजनों का आयोजन किया जा रहा है।

# चोरों का धावा : दुकान के गल्ले से 35 हजार रुपये और शिक्षण संस्थान से सामान चोरी

- यमुनानगर जिले में कई जगह चोरी की वारदात, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की


हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की मॉडल कॉलोनी स्थित दुकान से गल्ले में रखे 35 हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मॉडल कॉलोनी चिट्टा मंदिर रोड निवासी मोहित नागपाल ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मॉडल कॉलोनी में दुकान है।

25 अक्टूबर को वह करीब पौन चार बजे दुकान बंद करके किसी काम से बाहर गया था। जब वह अगले दिन रात को आठ बजे दुकान पर आया तो उसे दुकान का लगा ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर गल्ले से 35 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 150 पंखों की मोटरें व तार चोरी

गणपति शिक्षण संस्थान व्यासपुर के जनरल सेक्रेटरी सुभाष ने बताया कि 11 अक्टूबर की रात को चोरों ने उनके शिक्षण संस्थान में घुसकर खिड़की की ग्रिल व सरिया काटकर वहां से 150 पंखों की मोटरें तथा 600 फीट ग्रास कटिंग मशीन की तार चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। रादौर में सीसीटीवी कैमरे में बैटरी चोरी करता दिखाई दिया आरोपी युवक।

### दुकान के बाहर रखी हजारों रुपये की बैटरियां चोरी

रादौर। रादौर के पुराने बस स्टैंड के नजदीक स्थित रोशन ऑटो इलेक्ट्रीशियन की दुकान के बाहर रखी हजारों रुपये की कार की बैटरी को दिनदहाड़े एक व्यक्ति ने चोरी कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर डेहा बस्ती निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। गांव अंटावा निवासी दीपक कुमार ने शिकायत में बताया कि उसकी कस्बा के पुराने बस स्टैंड के पास रोशन ऑटो इलेक्ट्रीशियन के नाम से दुकान है। उसने त्योहारों का सीजन होने के कारण कुछ सामान व बैटरी दुकान के बाहर रखे हुए थे। शाम को साढ़े चार बजे के करीब एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान के बाहर रखी कार की बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर कस्बा की डेहा बस्ती से एक युवक को कबाड़ी की दुकान पर बैटरी बेचते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# फरियाद लेकर आने वाले लोगों से करें मैत्रीपूर्ण व्यवहार : कमलदीप गोयल

- जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाइन जगाधरी में जनरल परेड व ड्रिल का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन जगाधरी में जनरल परेड व ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके बाद पुलिस अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मौके पर दौड़ भी करवाई गई।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने परेड के निरीक्षण के बाद पुलिस लाइन में सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशनों व चौकियों में अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों के साथ वह मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त रहने के लिए पुलिस कर्मचारियों को अपनी फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी है।



यमुनानगर। जिला पुलिस लाइन में परेड के निरीक्षण के बाद संबोधित करते हुए एसपी कमलदीप गोयल।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने निर्देश दिए कि ट्रैफिक पर विशेष ध्यान दें। वहीं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले तथा बुलेट पर पटाखे मरने वालों पर अधिक से अधिक कार्रवाई करें। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक कंवलजीत सिंह तथा सभी थाना प्रबन्धक, चौकी इंचार्ज व लाइन अधिकारी मौजूद रहे।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट की टीम ने कलानौर बॉर्डर से बाइक चोर को किया गिरफ्तार

- आरोपी से चोरी की बाइक व एक एक्टिवा बरामद हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की बाइक व एक एक्टिवा बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर कलानौर होता हुआ उत्तर प्रदेश की तरफ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल कुमार, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर और नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। टीम ने जांच की तो चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक नौ अप्रैल को थाना शहर यमुनानगर क्षेत्र से चोरी की थी। आरोपी की पहचान गांव दामला निवासी मंटू कुमार राजभर के नाम से हुई। आरोपी ने 14 जुलाई को नेहरू पार्क मॉडल टाउन से एक एक्टिवा भी चोरी की थी।



यमुनानगर। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

# महिलाओं को दी ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी

- प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम रानी ने किया अभियान का नेतृत्व, आटो में सुरक्षित सफर के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम द्वारा सोमवार को शहर के आटो रिक्शा स्टैंडों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर आटो में सफर करने वाली महिलाओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के लिए जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम रानी ने किया।

दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम रानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में शहर में आटो में सफर करने के दौरान महिलाओं को सुरक्षित रहने के लिए ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी दी जा रही है। ताकि आटो रिक्शा में सफर करने के दौरान महिलाओं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति टीम ने शहर के प्रमुख आटो स्टैंडों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिला सवारियों से संवाद किया। इस दौरान आटो रिक्शा में सफर करने वाली महिलाओं को बताया गया कि आटो में सफर के दौरान कोई सहयात्री उन्हें असहज महसूस कराता है तो वह तुरंत इसकी शिकायत कर सकती हैं। इसके लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व 112 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क किया जा सकता है।




यमुनानगर। अभियान के तहत टीम सदस्य महिलाओं को जागरूक करते हुए।

### आटो में बैठते समय महिलाएं बरतें यह सावधानियां

दुर्गा शक्ति टीम प्रभारी कुसुम रानी ने महिलाओं को बताया कि जिले में चलने वाले सभी आटो के ऊपर चालक का नाम और मालिक का मोबाइल नंबर अंकित होता है। जिससे किसी भी तरह की शिकायत की स्थिति में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर पाना आसान हो जाता है। महिलाओं को सलाह दी गई कि वह आटो में बैठने से पहले इन जानकारियों को जरूर देख लें और सुरक्षित महसूस न होने पर वाहन को बदलने में संकोच न करें। दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी कुसुम रानी ने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षा का अहसास कराना है। दुर्गा शक्ति की टीम समय समय पर ऐसे अभियान चलाकर महिलाओं को न केवल उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है। बल्कि उन्हें आत्मरक्षा के तरीके भी सिखा रही है। पुलिस की इस पहल की स्थानीय महिलाओं ने सराहना की और कहा कि इससे उन्हें सफर के दौरान अधिक सुरक्षित महसूस होता है। महिलाओं ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली कड़ी है और दुर्गा शक्ति टीम इस दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रही है।

## 16 नवंबर को नारनौल में आयोजित होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# महाराजा शूरसैनी जयंती में पहुंचेंगे लाखों लोग : सैनी

सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने क्षेत्र में जाकर दिया जयंती का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

सैनी समाज रादौर के सदस्यों ने सोमवार को क्षेत्र के दर्जन भर गांव में जनसंपर्क कर महाराजा शूरसैनी की जयंती के अवसर पर 16 नवंबर को अनाजमंडी नारनौल में आयोजित किए जा रहे राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों को निमंत्रण दिया। इस दौरान सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सिंह सैनी ने सदस्यों का नेतृत्व किया। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि इस बार महाराजा शूरसैनी की जयंती नारनौल में मनाई जा रही है। जयंती के अवसर पर 16 नवंबर को नारनौल की अनाज मंडी में राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाग लेंगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रोजाना रादौर क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। सोमवार को भी कई गांव में जनसंपर्क कर लोगों को निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर रिम्पी सैनी सरपंच, उदय गोडवाल, विनोद सैनी, जगन चौहान, जतिन, अजय सैनी, स्वर्ण सैनी, प्रदीप सैनी, अजय सैनी, तरुण सैनी, लक्की सैनी, नीरज सैनी, लक्ष्य सैनी, हर्ष सैनी व विकास सैनी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। गांव पोटली में जनसंपर्क करते हुए सैनी समाज के प्रधान व अन्य सदस्य।

# मौसम में बदलाव के चलते खानपान में बरतें एहतियात : डॉ. प्रिंस

- विश्व मानव रुहानी केंद्र द्वारा गांव हड़तान में शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

विश्व मानव रुहानी केंद्र द्वारा ग्रामीण इलाकों में आयोजित किए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान के तहत सोमवार को गांव हड़तान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों की टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. प्रिंस ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अधिकांश मरीज वायरल बुखार, जुखाम, खांसी और नार्मल बीमारियों से पीड़ति मिले। मौके पर विश्व मानन रुहानी केंद्र के सचिव हरजीत कौर ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर लगाने का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करवानी है। इसी क्रम में मंगलवार 28 अक्तूबर को गांव टोपराकलां में, 29 अक्तूबर को दोहली में, 30 अक्तूबर को फोक्शा में और 31 अक्तूबर को गांव जमालपुर में शिविर लगेंगे। शिविरों का आयोजन महाराज बलजीत सिंह के जन्म दिवस को लेकर किया जा रहा है।




यमुनानगर। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

**खबर संक्षेप**

## एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 39वें दिन भी जारी रहा। वहीं क्रमिक अनशन 29वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता यूनियन प्रधान नीतू करनाल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सर्व कर्मचारी संघ के जिला कैशियर रावल गुप्ता ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। धरने पर नरेंद्र रोहतक, प्रकाश नुह, महेश पलवल, कृष्ण कैथल, प्रशांत पलवल बैठे। धरने पर आज सभी जिलों के प्रधानों की मीटिंग हुई इसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा हुई।

## बिजली की समाधान के लिए बैठक कल

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए विद्युत सदन यूएचबीवीएन में चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 28 अक्टूबर होगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर-8 एसई विद्युत सदन यूएचबीवीएन यूएचबीवीएन कुरुक्षेत्र में 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक होगी।

## भगवान परशुराम कॉलेज में रोजगार मेला 29 को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र व जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से 29 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे भगवान परशुराम कॉलेज सेक्टर-5 कुरुक्षेत्र के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, बीए, एमए, आईटीआई व अन्य डिप्लोमा धारक प्रार्थी हिस्सा ले सकते हैं।

## लाडो लक्ष्मी योजना के कैंप में 1215 आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय में लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाने के लिए तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जहां हजारों की संख्या में महिलाओं ने अपने फार्म भरवाए। वहीं यह सुविधा पूरी तरह से निशुल्क पात्र महिलाओं के लिए उपलब्ध करवाई गई। डीएमसी अमन कुमार ने बताया कि सरकार से मिले आदेशों के अनुसार नगर परिषद थानेसर में तीन दिवसीय शिविर 25, 26 व 27 अक्टूबर को लगाया गया। इस कैंप में 3 दिन में करीब 1215 पात्र महिलाओं ने अपने आवेदन जमा करवाए।

## आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका

**कुरुक्षेत्र।** आत्मनिर्भर भारत को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि भारत के पास विश्व में सबसे ज्यादा युवाओं की कौशलयुक्त फौज हैं यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। ये उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार जनसंचार एवं मीडिया प्रोद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन-2025 कार्यक्रम के समापन अवसर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 में से 9 शिकायतों का किया निपटारा

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में नहीं पहुंचे राज्य मंत्री, उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

*अब अधिकारी की रिपोर्ट के साथ कंप्लेंट ब्रांच को शिकायतकर्ता की संतुष्टि मिलने पर ही फाइल होगी शिकायत : विश्राम कुमार मीणा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन न्यू लघू सचिवालय के सभागार में किया गया। बैठक में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने पहुंचना था लेकिन वह नही पहुंचे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 15 में से 9 शिकायतों का निपटारा किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अधिकारी द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर किसी भी शिकायत को तब तक बंद नहीं किया जाएगा, जब तक शिकायतकर्ता संतुष्ट ना हो।

कई बार अधिकारी शिकायतकर्ता से लिखित में लेकर शिकायत को बंद करवा देता है और समस्या भी ज्यों की त्यों छोड़ दी जाती है। इसके लिए शिकायत ब्रांच शिकायतकर्ता से फीडबैक लेकर ही शिकायत को फाइल करवाएगी। उन्होंने जिंदल सिटी निवासियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में आवारा डॉग हैं, वो नगर परिषद की टीम को सूचना दे, ताकि ऐसे डॉग की नसबंदी की जा सके।

इसके लिए नगर परिषद की टीम को निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह से शुरू होने से पहले इस कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को नई लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान 15 शिकायतों में से 9 शिकायतों का निपटारा किया गया, बाकी 6 शिकायतों में जांच के लिए अधिकारियों और चयनित सदस्यों को नियुक्त किया गया। प्रशासन का उद्देश्य सभी शिकायतों का समाधान करवाना है। गांव सिरसला निवासी शारदा ने लम्बित शिकायत पर न्याय मिलने पर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष, उपायुक्त सहित सभी सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों का धन्यवाद किया।

उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने उसके खेत पर कब्जा दिलवा दिया है और भूमि का इंतकाल भी दर्ज कर दिया है। अन्य मामले में छलौंदी निवासी गुरदयाल सिंह ने समिति अध्यक्ष, जिला प्रशासन और बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर लगाने पर आभार जताया।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में समस्याओं का समाधान करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

■ कई बार अधिकारी शिकायतकर्ता से लिखित में लेकर शिकायत को बंद करवा देता है और समस्या भी ज्यों की त्यों छोड़ दी जाती है

### पवित्र शहर कुरुक्षेत्र व पिहोवा के शहरी क्षेत्र में मीट की दुकानों पूर्णत बंद हों

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दुकानदार उमेश, अमर, सिकंदर की शिकायत पर डीएमसी को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा घोषित पवित्र शहर कुरुक्षेत्र व पिहोवा के शहरी क्षेत्र में कोई भी मीट व इस प्रकार की अन्य सामग्री की दुकान व बिक्री पर पूर्णतया रोक लगाई जाए। इसी तरह उपायुक्त ने गांव बोड़ी निवासी बाला देवी की शिकायत पर कहा कि जमीन के मामले की सुनवाई के लिए समिति के दो सदस्यों व अधिकारियों को नियुक्त किया जाता है। जो सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। **पुलिस अधीक्षक ने सीआईए को सौंपी जांच:** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने अर्बन एस्टेट सेक्टर-7 निवासी सतनाम सिंह की विदेश भेजने के नाम पर लिए पैसे वापस दिलवाने के मामले में कहा कि अब जांच को बदलकर सीआईए टीम को सौंपा जाएगा। इस मामले में जांच करते करते हुए डीएसपी सुनील ने कहा कि विदेश भेजने की संस्था का मालिक ऑस्ट्रेलिया में पीआर है।

### ब्रह्मसरोवर स्थित डंपिंग प्वाइंट को किया जाएगा खत्म

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ब्रह्मसरोवर जोन में बने डंपिंग प्वाइंट को बंद करने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। इसके लिए जगह की तलाश की जा रही है। साथ ही सरकारी जमीन की भी देखी जा रही है, जल्द ही कचरा प्वाइंट को खत्म किया जाएगा। बैठक के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने गांव मंगौली निवासी राजकुमार, बाबैन निवासी श्याम सिंह, अंसल सिटी सेक्टर-32 थानेसर निवासी सुखबीर सिंह, गांव खासपुरा निवासी राजकुमार की शिकायतों पर सुनवाई की गई।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कई नए पाठ्यक्रमों संशोधनों और शैक्षणिक सहयोगों को मिली स्वीकृति

# कुवि की 128वीं अकादमिक परिषद की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 128वीं अकादमिक परिषद की बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन स्थित सीनेट हाल में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शैक्षणिक, अनुसंधान एवं नवाचार से संबंधित 46 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा उन्हें अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक का आरंभ पिछली (127वीं) बैठक की कार्यवाही की पुष्टि से हुआ, जिसके बाद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, सहयोग, नवाचार एवं नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के कार्यान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय लगातार शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है और विश्वविद्यालय की नीतियां अब पूर्णतः पारदर्शिता, नवाचार, रोजगारोन्मुख शिक्षा तथा अनुसंधान की भावना पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आई है और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इस नीति के समुचित कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता का पर्याय बन चुका है। हमारी प्राथमिकता है कि विद्यार्थी केवल डिग्री ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें।

### ज्ञान कौशल चरित्र

*विश्वविद्यालय का हर कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल मंत्र ज्ञान, कौशल और चरित्र के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने सभी शैक्षणिक विभागों को उद्योग, समाज और अनुसंधान संस्थानों से जोड़ने की दिशा में सतत कार्य कर रहा है, ताकि छात्रों को व्यवहारिक अनुभव एवं रोजगारोन्मुख अवसर प्राप्त हों। बैठक में कई विभागों द्वारा प्रस्तुत संशोधित सिलेबस एवं परीक्षा योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें एम.ए. हिंदी, एम.ए. इतिहास, एम.एससी. सांख्यिकी, एम.एससी. बायोटेक्नोलॉजी, एम.एससी. बायोकेमिस्ट्री, एमसीए, एम.कॉम., बी.ए. एवं बी.टेक. कार्यक्रमों सहित अनेक स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शामिल हैं।*

### छात्र हित में विशेष निर्णय

परिषद ने विद्यार्थियों को एक स्पेशल मर्सी चांस प्रदान करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी, जिसके तहत वे दिसंबर 2025/जनवरी 2026 तथा मई/जून 2026 में आयोजित परीक्षाओं में भाग लेकर अपनी लंबित डिग्री पूरी कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, परिषद ने विभिन्न समितियों की अनुशंसाओं पर स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए नई इंटर्नशिप गाइडलाइंस को भी मंजूरी दी, जिससे विद्यार्थियों को उद्योग और शोध संस्थानों से प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# रत्नावली समारोह में पहली बार हरियाणवी व्यंजन प्रतियोगिता के रूप में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में पहली बार हरियाणवी व्यंजनों को प्रतियोगिता के रूप में शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली टीम को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 3100 रुपए, तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को 1100 रुपए व पांच टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रुपए का ईनाम व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की उप-निदेशक डॉ. सलोनी पवन दिवान ने बताया कि युवा पीढ़ी को अपने परम्परागत व प्राचीन खान पान से रूबरू करवाने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पहली बार हरियाणवी व्यंजन बनाने को प्रतियोगिता के रूप शामिल किया है। इसके लिए बकायदा से नियम व कायदे बनाए गए हैं। प्रत्येक शिक्षण संस्थान से एक टीम भाग ले सकती है और टीम में पांच विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। प्रत्येक टीम पांच से दस हरियाणवी व्यंजन बना सकती है जिसमें खासतौर पर हरियाणवी खीर, हलवा, लापसी, गुलगुले, पूडे, सुहाली, शक्करपारे, सरसो का साग, बाजरे व मक्के की रोटी, लस्सी, रायता, चूरमा और घी कसार को शामिल किया गया है।

### प्लास्टिक मुक्त, आत्मनिर्भर व स्वावलंबी को समर्पित होगा रत्नावली

रत्नावली समारोह इस बार प्लास्टिक मुक्त, स्वदेशी, आत्मनिर्भर व स्वावलंबी को समर्पित होगा। समारोह में लगने वाली प्रदर्शनी में 40 के करीब स्टाल लगाए जाएंगे जिसमें छात्रों द्वारा स्वयं तैयार किए गए सामान को बिक्री के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के भिन्न-भिन्न विभागों के विशेषज्ञ छात्रों को यह स्टाल दिए गए हैं जिसका एक उद्देश्य है कि छात्र स्वावलंबी बने और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके। इसके अलावा स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा मिल सके। यही नहीं इस बार खासतौर पर रत्नावली समारोह की तैयारियों के लिए स्वदेशी चीजों का ही प्रयोग किया जा रहा है और समारोह को प्लास्टिक मुक्त रखने का प्रयास किया गया है।

## अजराना खुर्द में विकास कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे होंगे: सुभाष कलसाना

**शाहबाद।** भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन व्यक्तियों के राशन कार्ड, फैमिली आईडी में त्रुटियों या तकनीकी खामियों के कारण बंद हुए हैं, उनके कार्ड दोबारा शुरू करवाने के लिए वे स्वयं आगे आकर पहल करेंगे और इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त से विशेष बैठक करेंगे। सुभाष कलसाना ने गांव अजराना खुर्द में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अजराना खुर्द गांव में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

# 30 हजार पेड़ काटने का विरोध करेगी हम फाऊंडेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड की भूमि पर लगे 30 हजार पेड़ों को काटने के फैसले का हम फाऊंडेशन पूरजोर विरोध करेगी। संस्था के संयोजक दिलावर सगवाल ने कहा कि पूरे शहर में केवल एक यही जगह है जंहा पर पेड लगे हैं जो शहर के प्रदूषण से लोगों को बचाने का काम कर रहे हैं। अगर यही पेड़ काट दिए गए तो शहर में प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाएगी व कुरूक्षेत्र के हालात भी दिल्ली वाला हो जाएगा। ग्रीन अर्थ संस्था द्वारा पहले ही एनजीटी में इसका विरोध दर्ज किया है लेकिन अब शहर की अन्य सामाजिक संस्थाओं को एकत्रित कर कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के फैसले का विरोध किया जाएगा। इससे पहले भी प्रशासन ने विकास के नाम पर पेड़ों का कटाव किया था लेकिन अगर लोगों का स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा तो ऐसे विकास का जनता क्या करेगी। विकास के नाम पर प्रकृति से खिलवाड़ नही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्था इसके लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उपायुक्त से मिलकर इन पेड़ों को बचाने की गुहार लगाएगी।

## लड़की की शादी में दी आर्थिक सहायता

**पिहोवा।** समाज में आज भी इंसानियत जिंदा है- इसका सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला जब नंगली वाली कुटिया की ओर से एक अनाथ और जरूरतमंद लड़की की शादी में आर्थिक सहायता दी गई। जानकारी के अनुसार, सेन भगत सेवा समिति के उप प्रधान सुनील कुमार को पता चला कि फौजी प्लांट में कार्यरत सिमरन कौर, पिता स्व. सुरजीत सिंह की बेटी, जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, की शादी होने वाली है लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार बड़ी मुश्किल में था। इस बात की जानकारी मिलते ही सुनील कुमार ने बिना देर किए स्वयं आगे बढ़कर सिमरन कौर की शादी में आर्थिक सहायता और आवश्यक घरेलू सामान प्रदान किया।


**कुरुक्षेत्र।** दुखभंजन मंदिर में शिव भोले की पूजा करते श्रद्धालु।

## दुखभंजन मंदिर में शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना

**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध दुःखभंजन मंदिर में सोमवार को शिव भक्तों ने सबकी सुख-शांति के लिए पूर्ण आहूति डाली और पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाकर भोले नाथ को मनोभावों से प्रार्थना अर्पित की। शिवलिंग को रुद्राक्षमाला व फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पुजारी सुशील कुमार शास्त्री ने कहा कि शिव व्यक्ति की चेतना के सूत्रधार कहे जाते हैं। शिव की पत्नी पार्वती हैं जो शक्ति का रूप कही जाती हैं। कार्तिकेय और गणेश शिव के दो पुत्र हैं, और अशोक सुंदरी इनकी बेटी हैं। शिव को ज्यादातर योगी के रूप में दिखाया जाता है। हालांकि उनकी पूजा शिवलिंग तथा मूर्ति दोनों रूपों में की जाती है। इस अवसर पर कुलवंत सिंह भट्टी, एचके पाल, ज्ञान चंद पराशर, एमके मौदगिल, सुनील वधवा, टींकू शर्मा, श्याम लाल, चंद्रिका, सुदेश धीमान, डा. सत्य नारायण शर्मा, ललित लाली, हर्षित मिगलानी आदि श्रद्धालु प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# पिहोवा विधानसभा में विकास की नई गूंज

## हरिगढ़ भौरख व इस्माइलाबाद को मिली करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज हो रही है। इसी क्रम में आज पिहोवा विधानसभा क्षेत्र को दो बड़ी सौगातें मिलीं। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी. ने सोमवार को गांव हरिगढ़ भौरख में लगभग 73 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सरकारी अस्पताल तथा इस्माइलाबाद में 1.52 करोड़ रुपये की लागत से नाले ढकने व सड़कों की मरम्मत कार्यों का शिलान्यास किया। हरिगढ़ भौरख में बनेगा आधुनिक सरकारी अस्पताल गांव हरिगढ़ भौरख में प्रस्तावित सरकारी अस्पताल के निर्माण से आसपास के गांवों को भी लाभ मिलेगा।



### ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण की दिशा

शिलान्यास समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी. ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण इलाकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पिछड़ा समझा जाता था, लेकिन भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। आने वाले समय में हर गांव में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। पंडित शर्मा ने कहा कि यह अस्पताल लोगों को छोटे-मोटे इलाज के लिए शहरों के चक्कर लगाने से राहत देगा और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है।



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में जांच करते चिकित्सक।

## जनस्वास्थ्य शिविर में 127 मरीजों को जांचा

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक सरोकार की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुरुक्षेत्र के प्रतिष्ठित डीआरजैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने गांव कसीथल में एक निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि ब्रेन व हार्ट शरीर के महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हृदय व ब्रेन का स्वास्थ्य सर्वोपरि है। हम इस शिविर के माध्यम से न केवल इलाज, बल्कि ब्रेन व हृदय रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना चाहते हैं। सही खान-पान, नियमित व्यायाम और तनाव-मुक्त जीवन अपनाकर हम कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं में होने वाले रोगों के लक्षणों पर भी प्रकाश डाला और समय पर जांच के महत्व को रेखांकित किया। शिविर में 127 से अधिक ग्रामीणों को उनके घर-आंगन में चिकित्सा सुविधाएं परामर्श,चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां प्रदान कर एक नई मिसाल कायम की। इस व्यापक स्वास्थ्य मिशन के सूत्रधार डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल अस्पताल की चारदीवारी में इलाज करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को सीधे लोगों के द्वार तक पहुंचाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

# मानव के हृदय परिवर्तन के लिए ब्रह्मनिष्ठ गुरु का सानिध्य जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा अमिन रोड, 7 सी, कुरुक्षेत्र में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रोचारण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्य स्वामी गुरुज्ञानानंद ने समाज की दशा का वर्णन करते हुए कहा कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद पानी और दवाई से सींचा जाता है ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो पाए।



### मानव हृदय परिवर्तन का आधार

स्वामीजी ने इस समस्या का निदान देते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब समाज का निर्माण करने वाले मानव के हृदय के भीतर सकारात्मक परिवर्तन आए। मानव के हृदय परिवर्तन के लिए ब्रह्मनिष्ठ गुरु का सानिध्य अति आवश्यक है। यह तथ्य विचारणीय है कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी बिना गुरु के दिशा निर्देश के सफलतापूर्वक सिद्ध नहीं कर सकते तो क्या हम बिना गुरु के अपने कर्म संस्कारों और अपनी बिगड़ी हुई आदतों को केवल अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। जब ब्रह्मनिष्ठ संत अपने तपोबल से एकत्रित की गई ऊर्जा का शक्तिपात ब्रह्मज्ञान के द्वारा हमारी आत्मा पर करते हैं तभी हमारे जीवन की गति सकारात्मक होती है और हम प्रत्येक कार्य परोपकार की भावना और दैवीय प्रेरणा से करते हैं तब संपूर्ण मानव समाज का कल्याण होता है।

### मंगलवार सुबह भक्त उगते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठी माता को विदाई देंगे

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

सूर्य उपासना का पर्व छठ पूजन पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के आखिरी दिन मंगलवार को सुबह भक्त उगते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देकर छठी माता को विदाई देंगे। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्घालु अपने परिजनों के साथ शाम 5 बजे से ही ब्रह्मसरोवर पर पहुंचने लगे थे। इस बीच जैसे ही सूर्य की लालिमा कम हुई तो महिलाओं ने पानी में उतरकर विधि-विधान से सूर्यदेव का पूजन किया। महिलाओं ने बांस के सूपा एवं टोकनी में मौसमी फलों एवं पूजन सामग्री को रखकर डूबते हुए सूर्य भगवान को प्रसाद का भोग अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। जानकारी के अनुसार व्रतधारी कई महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं और सुबह के समय व्रतधारी शहर के घाटों पर पहुंचकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेंगे। व्रत समाप्त होने के बाद ही व्रती अन्ना और जल ग्रहण करते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. रामराज कौशिक अनुसार सूर्य देव और छठी मइया का संबंध भाई-बहन का है।


**कुरुक्षेत्र।** डूबते सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु।

### छठ व्रत नियम व निष्ठा से किया जाता है

धर्म शास्त्रों में यह पर्व सुख-शांति, समृद्धि का वरदान व मनोवांछित फल देने वाला बताया गया है। छठ व्रत नियम व निष्ठा से किया जाता है। भक्तिभाव से किए गए इस व्रत से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहता है। शहर में भी इस पूजा को लेकर पूर्वांचल समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखा गया।

### आज उगते हुए सूर्य को देंगे अर्घ्य

पूर्वांचल समुदाय के लोगों द्वारा छठी पर्व पर सबसे बड़ा उपवास रखा जाता है। छठ पूजन के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह-सुबह श्रद्घालु जलाशयों में उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पारन खोलेंगे। व्रत पूरा होने पर छठी मैया को विदाई दी जाएगी। मान्यता के अनुसार खरना पूजन से ही घर में देवी षष्ठी का आगमन हो जाता है। शहर के अलावा जिले के अन्य स्थानों में भी बड़ी संख्या में पूर्वांचल क्षेत्र के लोग निवास करते हैं, जिन्होंने पानी में खड़े होकर भगवान का पूजन किया।

